तारः जलयन्ता खीरी　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　फोन नं० 263262 (कार्या.)

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम- भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक　　01 / जैम्प - लखीमपुर / 01　　　　　　　　　　　　दिनांक- 09 /05/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः- **अमर उजाला समाचार पत्र में दिनांक 09.05.2026 को प्रकाशित खबर "क्षेत्र पंचायत बैठक में सड़कों की बदहाली का विधायकों ने उठाया मुद्दा " के सम्बन्ध में आख्या।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक अमर उजाला समाचार पत्र में दिनांक 09.05.2026 को प्रकाशित खबर "क्षेत्र पंचायत बैठक में सड़कों की बदहाली का विधायकों ने उठाया मुद्दा", के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 एवं वी0टी0एल0 को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप-942 नग, पम्प हाउस -942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय-922 नग, गृह जल संयोजन-564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप-939 नग, पम्पहाउस-869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय-484 नग, गृह जल संयोजन-532669 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1054 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड-ईशानगर के क्षेत्र पंचायत की बैठक में ग्राम प्रधान द्वारा सड़क पुर्नस्थापना से सम्बन्धित शिकायत मा0 विधायक धौरहरा से की गयी है उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड-ईसानगर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कुल तोड़ी गई सड़क की 80 प्रतिशत सड़क की मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, व खोदी गई समस्त सड़कों को मोटरेबल कर दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त रोड रिस्टेटमेण्ट से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत उसका समाधान कराया जा रहा है।

**सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

**1-** मो0 जमाल, एन0सी0सी0 लि0, लखीमपुर खीरी।
**2-** श्री प्रियांशू यादव, डी0पी0एम0, मै0 वी0टी0एल-गाजा (जे0वी0) लखीमपुर खीरी।
**3-** गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता।

G:\Prateek File\Word File\prabandh nideshak paper cutting\dainik bhaskar Bankeganj 11.04.2026.docx